प्रादेशिक समाचार

30.03.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

देश को वामपंथी उग्रवाद से मुक्त कराने के प्रयासों पर लोकसभा में चर्चा शुरू हो गई है। चर्चा की शुरुआत करते हुए शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे ने देश को नक्सलवाद से मुक्त कराने के नरेन्द्र मोदी सरकार, अर्धसैनिक और पुलिस बलों के प्रयासों की सराहना की। श्री शिंदे ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि सत्ता में रहते हुए पार्टी जनजातीय और पिछड़े समुदायों को आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने में विफल रही तथा उसने गरीबों और जनजातीय लोगों को हथियार उठाने पर विवश किया। उन्होंने कहा कि आज स्थिति बदल गई है।

****

झारखंड में राज्यसभा की दो सीटों पर होने वाले चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भाजपा इस चुनाव में जीत दर्ज करेगी।

वहीं झामुमो के प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि उम्मीदवारों पर निर्णय पार्टी प्रमुख हेमंत सोरेन लेंगे।

कांग्रेस प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने आगामी राज्यसभा चुनाव को लेकर कहा कि इसपर गठबंधन के साथ निर्णय लिया जायेगा।

गौरतलब है कि शिबू सोरेन के निधन और दीपक प्रकाश का कार्यकाल समाप्त होने के बाद झारखंड में चुनाव होंगे, जिसकी घोषणा जल्द होने की संभावना है।

****

हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ प्रखंड के कोसुंभा गांव में नाबालिग के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या मामले को झारखंड उच्च न्यायालय ने गंभीरता से लिया है। उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए डीजीपी, गृह सचिव और जिले के एसपी को नोटिस जारी कर उन्हें जवाब दाखिल करने को कहा है। खंडपीठ ने मामले को सुनवाई के लिए मुख्य न्यायाधीश के पास भेज दिया है। अदालत ने कहा कि यह घटना घृणित और मानवता को शर्मसार करने वाली है।

****

हजारीबाग में बच्ची के साथ हुई दरिंदगी और उसकी मौत को लेकर आज पूरे जिले में बंद का व्यापक असर देखने को मिला। हजारीबाग के लोगों ने कहा कि दोषियों को कड़ी–से–कड़ी सजा मिलने तक आंदोलन जारी रहेगा। भारतीय जनता पार्टी के आह्वान पर जिले के व्यापारियों ने प्रतिष्ठानों को बंद रखा है।

****

जनगणना 2027 पहली अप्रैल से शुरू होगी। यह स्वतंत्रता के बाद की आठवीं और इस श्रृखंला की 16वीं जनगणना होगी। आज नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेणलन में महा रजिस्ट्रार और जनगणना आयुक्त, मृत्युंजय कुमार नारायण ने बताया कि जनगणना दो चरणों में आयोजित की जाएगी। श्री नारायण ने कहा कि पहले चरण में, घर–घर की सूची बनाना और स्व–गणना की जाएगी।

****

झामुमो का 53वां स्थापना दिवस का आयोजन आज शाम गिरिडीह में होगा। जानकारी के अनुसार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन असम चुनाव में व्यस्त रहने के कारण इस समारोह में भाग नहीं ले सकेंगे। मुख्यमंत्री की अनुपस्थिति में, गांडेय विधायक कल्पना सोरेन और नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे।

****

पाकुड़ जिले की पुलिस ने यौन शोषण के आरोपी अधिवक्ता जोएल मुर्मू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए भेज दिया है।

**********समाप्त*********